खास-खबरें

## केंद्रीय विद्यालय की हैंडबॉल टीम ने ग्वालियर में पताका फहराई



**गंजबासौदा।** केंद्रीय विद्यालय हेंडवाल बालिका टीम ने रीजनल स्पोर्ट्स मीट के तहत ग्वालियर में हुए इस खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर गंजबासोदा शहर को गौरवान्वित किया प्रतियोगिता में चार मैच खेले गए और और टीम ने गोल्ड मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम के सदस्यों में रिताल्या सक्सेना, मानसी विश्वकर्मा, अनुश्री दुबे, दिव्यांशी रघुवंशी ,ललिता रघुवंशी, ऋषिका दांगी ,हर्षिता सिंह खुशी उपाध्याय ,भार्गवी गुर्जर ,चारु राजपूत तथा नंदनी बेलगैया शामिल रहे। प्रतियोगिता में विजय हासिल कर देर टीम रात्रि श्री धाम ट्रेन से वापसगृह नगर आई तब? टीम का उत्साहवर्धन करने टीम के अभिभावकों एवं अन्य गणमान्य नागरिक स्टेशन पहुंचे जहां पुष्प मालाओं से स्वागत किया तथा ढोल नगाड़े से उनकी अगवानी की।

## आगजनी से पीड़ित को 28 हजार की आर्थिक मदद जारी

गंजबासौदा। शहर के करीब पुरवाई चक्क में शनिवार को हुई आगजनी की घटना में पीड़ित दशरथ अहिरवार को 28 हजार रुपए की आर्थिक मदद आर बीसी 6 चार के प्रावधनों के तहत जारी कर दी गई है। तहसीलदार संदीप जायसवाल द्वारा जारी आर्थिक सहायता के आदेश में उल्लेख है कि अग्नि दुर्घटना में पीड़ित दशरथ अहिरवार का कच्चा मकान और पोल्ट्री फार्म जलकर राख हो जाने के फलस्वरूप पीड़ित परिवार को कुल 28 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई है जिसमें कच्चे मकान के लिए 8 हजार रुपए, मुर्गी-चूजों के लिए 15 हजार रुपए और खाद्यान्न के 5 हजार रुपए शामिल हैं। इसके अलावा 50 किलो गेहूं, सब्जियां और अन्य खाद्य सामग्री भी प्रदाय की गई है। कच्चे मकान मे अस्थायी छत के लिए ग्रीन नेट की भी व्यवस्था की गई है।।

## नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन सख्त

**विदिशा ( निप्र )।** जिले में फसल अवशेष (नरवाई) जलाने वालों के विरुद्ध कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में सख्त कार्रवाइयां की जा रही हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक जिले की 12 तहसीलों में कुल 328 के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रकरण दर्ज करते हुए कुल राशि 1410500 रु का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। इसके अलावा विदिशा ग्रामीण तहसील में दो के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही की गई। जिले में फसल अवशेष (नरवाई) जलाने वालों के विरुद्ध की गई कार्रवाइयों में तहसीलदार जानकारी अनुसार विदिशा नगरीय तहसील में 39 प्रकरण दर्ज हुए जिनमें अर्थ दंड 217500, विदिशा ग्रामीण तहसील में 27 प्रकरण दर्ज हुए हैं जिनमें अर्थ दंड 67500, गंजबासौदा तहसील में 18 प्रकरण दर्ज हुए हैं जिनमें अर्थ दंड 46000, कुरवाई तहसील में 8 प्रकरण दर्ज हुए हैं जिनमें अर्थ दंड 65000, पठारी तहसील में आठ प्रकरण दर्ज हुए हैं जिनमें अर्थ दंड 287500, शमशाबाद तहसील में 32 प्रकरण दर्ज हुए हैं जिनमें अर्थ दंड 83500, नटेरन तहसील में 18 प्रकरण दर्ज हुए हैं जिनमें अर्थ दंड 44000, ग्यारसपुर तहसील में 14 प्रकरण दर्ज हुए हैं जिनमें अर्थदंड 52500, गुलाबगंज में 13 प्रकरण दर्ज हुए हैं जिनमें अर्थ दंड 35000, लटेरी तहसील में 23 प्रकरण दर्ज हुए हैं जिनमें अर्थ दंड 53500, त्योंदा तहसील में दो प्रकरण दर्ज हुए हैं जिनमें अर्थदंड 5000 और सर्वाधिक प्रकरण सिरोंज तहसील में दर्ज हुए हैं जिनमें अर्थ दंड 4,53,500 रुपये की राशि शामिल है।

# प्रत्येक गरीब व्यक्ति का अपने घर का सपना होगा साकार : चौहान

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शक्तिशाली, वैभवशाली भारत का हो रहा निर्माण, सुल्तानपुर में सात करोड़ 40 लाख रू. से अधिक राशि के विकास कार्यों की दी सौगात

रायसेन।

**केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सुल्तानपुर में आयोजित भूमिपूजन/लोकार्पण कार्यक्रम तथा हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने भोजपुर क्षेत्र में सात करोड़ 40 लाख रू से अधिक राशि के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन/लोकार्पण किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र हितग्राहियों को प्रदान किए।**




केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान ने अपने उद्बोधन के प्रारंभ में राजस्व महाअभियान में प्रदेश में सुल्तानपुर तहसील के प्रथम आने पर जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि नागरिकों तक शासन की सेवाएं और सुविधाएं सुगमता से पहुंचाने का काम किया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सुल्तानपुर में नया तहसील कार्यालय भवन बनकर तैयार हो गया है। इसके अलावा भी अनेक विकास और निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। भोजपुर क्षेत्र में 40 सड़कें बनेगी, जिससे विकास को और गति मिलेगी। क्षेत्र के विकास में जनकल्याण में कोई कमी नहीं रहेगी।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा कि प्रत्येक गरीब व्यक्ति का अपने घर का सपना साकार होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद परिवार तक पहुंचाने का काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 स्वीकृत आवास वालों के मकान शीघ्र बनेंगे। पुनः सर्वे कराकर पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़े गए हैं, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से छूटेगा नहीं। प्रत्येक गरीब परिवार का अपना पक्का मकान होगा।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शक्तिशाली, वैभवशाली भारत का निर्माण किया जा रहा है। साथ मिलकर सभी को गरीबी से बाहर निकालना है, गरीबी मुक्त भारत बनाना हैं। इसके लिए योजनाओं के क्रियान्वयन से आर्थिक सुदृढ़ता लाई जा रही है। विकसित ग्राम बनाए जाएंगे। जिसमें सड़कें, हर घर नल से जल, पीएम सूर्य घर योजना की मदद से बिजली की उपलब्धता, आजीविका से जुड़े परिवारों को रोजगार से जोड़ा जाएगा, फूलों की खेती, मधुमक्खी पालन, जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

कार्यक्रम में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि वर्ष 2003-04 के बाद मध्यप्रदेश में तेजी से विकास हुआ है। श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री बनने के बाद मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर लाकर विकासशील राज्य की श्रेणी में पहुंचाने का काम किया है। आज हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्यप्रदेश को विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। प्रभारी मंत्री श्री पंवार ने कहा कि पहले जिन सुविधाओं की लोग कल्पना करते थे, आज शासन-प्रशासन के सतत् प्रयासों वह सुविधाएं आमजन को सुगमता से प्राप्त हो रही हैं। सरकारी अस्पतालों में बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम मे भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि क्षेत्र में विकास को धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई हर क्षेत्र में निरंतर विकास के काम किए गए हैं। क्षेत्र में विकास के साथ-साथ अद्योसंरचना से जुड़े कार्यो और सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। विधायक श्री पटवा ने कहा कि क्षेत्र में लगभग 1662 स्व-सहायता समूह हैं जिनके माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। लखपति दीदी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों से जुड़ी 6600 से अधिक दीदियों को लखपति बनाने का काम किया जा रहा है।

विधायक श्री पटवा ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता है। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए और किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किसानों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सिंचाई के रकबे में लगातार वृद्धि की जा रही है। साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध कराने का काम भी किया जा रहा है। हमारा मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। विधायक श्री पटवा ने कहा कि यहां पांच करोड़ रू लागत से नवीन तहसील भवन बनकर तैयार हो चुका है। जिसका लाभ किसानों और आमजन को मिलेगा। इसी प्रकार क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण काम हो रहे हैं। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में चार सीएम राइज स्कूल स्वीकृत हुए हैं जिनमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा मिलेगी। कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, पूर्व केबीनेट मंत्री श्री रामपाल सिंह, कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डे, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, श्री राकेश शर्मा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

**विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को वितरित किए हितलाभः** कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि और पंचायत विकास मंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना सहित अन्य योजनाओं के हितलाभ वितरित किए। केन्द्रीय मंत्री द्वारा हितग्राही श्री मलखान सिंह, श्री किशनलाल, श्री झब्बूलाल तथा श्रीमती सुमनबाई को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही हितग्राही श्री रामकिशन तथा श्री घनश्याम केवट को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास का निर्माण पूर्ण होने पर आवास की चाबी वितरित की गई। कार्यक्रम में 06 स्व-सहायता समूहों की दीदियों को 35 लाख रू के सीसीएल का वितरण किया गया। खेत तालाब योजना अंतर्गत हितग्राही श्री नीलेश तथा श्री राजाराम को स्वीकृति पत्र और स्वामित्व योजना अंतर्गत हितग्राही श्री हीरालाल तथा लक्ष्मीनारायण को स्वामित्व अधिकार पत्र प्रदान किए गए।

## पंचक्रोशी यात्रा पूर्ण कर यात्रियों ने नागचंद्रेश्वर को लौटाया बल



**उज्जैन।** उज्जैन में रविवार को पंचक्रोशी यात्रा का समापन हो गया। जो यात्री अधिकृत रूप से 23 अप्रैल को यात्रा पर निकले थे, वे सभी रविवार को उज्जैन पहुंचे। यहां पहुंचने पर सबसे पहले उन्होने पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर पर जाकर बल लौटाया। इसके बाद शिप्रा तट पहुंचे ओर स्नान किया। इसके बाद अनेक यात्री अपने घरों की ओर लौट गए वहीं अनेक ने विधान अनुसार अष्टतीर्थ यात्रा प्रारंभ कर दी।

118 किमी लम्बी आस्था और श्रद्धा की इस यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में बच्चों से लेकर वृद्ध तक,युवतियों से लेकर महिलआएं तक शामिल रहीं। एक समय यह यात्रा बड़ी कष्टप्रद मानी जाती थी। भोजन का सामान भी साथ में रखकर यात्री जाते थे। रास्ते में भोजन बनाते वहीं आज की तरह टेंट,पानी,स्नान की व्यवस्था नहीं होती थी। श्रद्धालुओं का कहना रहा कि इस बार यात्रा में प्रशासन ने बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की थी। सभी जगहों पर पानी,बिजली,स्नान और भोजन की व्यवस्थाएं थी। बड़ी संख्या में संस्थाएं भोजन एवं नाश्ता के लिए आगे आई और निःशुल्क उपलब्ध करवाया। स्वास्थ्य सुविधाएं भी व्यापक रही। शहर में प्रवेश पर यात्रियों का जगह-जगह स्वागत किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है।

## समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करना सरकार की जिम्मेदारी : देवड़ा

भोपाल (काप्र)।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिए दृढ़-संकल्पित है।




देवड़ा आज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित चिकित्सा सम्मेलन दशपुरकॉन 2025 में सहभागिता कर उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों व सम्माननीय चिकित्सकों को संबोधित कर रहे थे।

श्री देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक विस्तार, चिकित्सा शिक्षा में गुणात्मक सुधार, तकनीकी नवाचारों के समावेशन एवं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की पहुँच सुनिश्चित किया है।

सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के भाव के अनुरूप हमारी सरकार का यह अटल एवं दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाएँ। इससे न केवल स्वस्थ मध्यप्रदेश का निर्माण होगा। अपितु एक समृद्ध, सशक्त और विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना भी साकार होगी। इस अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री श्री कैलाश चावला सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

## मई माह में 45 प्रश राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें : कलेक्टर

**सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों सहित सभी संबंधित अधिकारियों को वर्तमान राजस्व वर्ष के लिए सभी राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति एवं सभी राजस्व प्रकरणों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं।**

कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए हैं कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण मे सतत तेजी रखी जाये। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मई माह में सभी राजस्व अधिकारी 45 प्रतिशत राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें तथा आगामी माह का लक्ष्य निर्धारित कर निराकरण करें। इसके साथ ही राजस्व वसूली कार्यो मे मासिक लक्ष्य निर्धारित करें एवं राजस्व वसूली के कार्य में सतत प्रगति करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि नामान्तरण, बटवारा, सीमाकंन एवं अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा राज्य स्तर से की जाती है, इसलिए इन मदों के प्रकरणो का निराकरण 90 से 95 प्रतिशत रखा जायें। जिले मे सीमाकंन के अत्यधिक प्रकरण लंबित है इन्हे मई माह में पूर्ण करें। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए हैं कि अग्नि दुर्घटना से फसल क्षति, पशुहानि, मकान हानि के प्रकरणो मे जल्द से जल्द राहत राशि का वितरण करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी राजस्व अधिकारी 30 अप्रैल 2025 तक स्वयं के न्यायालय का निरीक्षण करे। इसके साथ ही मई माह में डिप्टी कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर द्वारा तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के न्यायालयों के निरीक्षण किए जाएंगे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ

**सीहोर।** बुधनी तहसील के बांसपुर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल में सत्र 2025-2026 के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं, एवं 9वीं की रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए 08 मई 2025 को लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके परीक्षा के लिए ऐसे विद्यार्थी पात्र होंगे, जिन्होंने पहले कक्षा 6वीं, 7वीं एवं कक्षा 8वीं उत्तीर्ण कर ली है। प्रवेश के लिए आवेदन फार्म स्कूल से प्राप्त किया जा सकता है। विद्यार्थी अपना प्रवेश फार्म 26 अप्रैल से 06 मई के बीच प्रातः 07:30 बजे से शाम 04:30 बजे के बीच प्राप्त कर जमा कर सकते हैं।

## एक्सीलेंस स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

विदिशा (निप्र)।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में नालसा (नशीली दवाओं के खतरे के उन्मूलन के लिये पीडितो के लिये कानूनी सेवाऐं) योजना 2015 के अतंर्गत विधिक जागरूकता शिविर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन एक्सीलेंस स्कूल विदिशा मे किया गया।

कार्यक्रम में सचिव एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट विदिशा नीतेन्द्र सिंह तोमर, समाज सेवी वेदप्रकाश शर्मा, लीगल एड डिफेंस काउसिंल विदिशा सुरजीत सिंह सिकरवार, अनिमेष तिवारी, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

निबंध प्रतियोगिता में न्यायाधीशो द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रो का चयन किया गया। सचिव एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट विदिशा नीतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा जाकिर हुसैन की ओर से निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कु. पूनम जोशी द्वितीय पुरस्कार कु. मुस्कान मालवीय एवं तृतीय पुरस्कार कु. अदिति साहू को वितरण किये गये एवं विद्यालय के प्रधान आध्यपक से बच्चो की नशा मुक्ति संबंधित नियमित काउंसलिंग करने के लिए कहा गया।

## डीएलसीसी की बैठक आयोजित

विदिशा (निप्र)। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदनो में वित्त पोषण की अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी बैंकर्स प्रतिनिधियों से कहा कि समय सीमा में लक्ष्यों के अनुसार वित्त पोषण की शत प्रतिशत कार्यवाही पूरी करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि कोई भी व्यक्ति बैंको के बार-बार चक्कर नहीं लगाना चाहता है। बहुत जरूर पड़ती है तो एक ही बार हितग्राही को बुलाकर तमाम जानकारियां पूरी कर ली जाएं। जिससे बैंकर्सों के प्रति हितग्राहियों में विश्वास की वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणो में स्वीकृति प्रदाय की गई है और अब तक वित्त पोषण की कार्यवाही क्यों नहीं की गई कि जानकारियां लीड़ बैंक आफीसर को लिखित में अवगत कराएंगे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभिन्न प्रकार के बीमा जैसे पीएम जेजेबीवॉय, पीएमएसबीबाय और पीएमजेडीवाय से कोई भी बैंक खाताधारक वंचित ना रहें। उक्त योजनाओं के तहत बीमा की छोटी सी प्रीमियम राशि स्वयमेव बैंक खाते से काटी जा सकती हैं। अतः बीमा की इस योजना से कोई भी वंचित ना रहें। सभी बैंकर्सो में बीमा योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए कहा कि स्टेडिंग, फ्लैक्स ऐसे स्थलों पर लगाए जाएं जहां अधिक से अधिक नागरिकों की आवाजाही होती है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि बैंको में हितग्राहियो के आवेदनो को जमा करने तक सीमित ना रहें बल्कि उन आवेदनों पर अब तक क्या कार्यवाही बैंको के द्वारा की गई है के अपडेट प्राप्ति हेतु सतत सम्पर्क बनाए रखें। बैठक में स्व सहायता समूहो को दिए जाने वाले क्रेडिट लीकेंज (सीसीएल की प्रगति), मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना इत्यादि शामिल है।

## व्याख्यान माला का आयोजन किया

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड खाचरौद द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मुक्तेश्वर महादेव मंदिर नागदा में समानता पर्व के रूप में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद संभाग समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय, जिला समन्वयक श्री जय दीक्षित, वक्ता के रूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सुरेश जी काले एवं बोध महासभा प्रतिनिधि मोहन लाल जी मकवाना उपस्थित हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्याअर्पण किया गया।

## आगरा-मुंबई हाईवे पर खड़ी बस में लगी आग

शाजापुर।

**शाजापुर जिले में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम सन कोटा के पास रविवार को दोपहर में ढाबे पर खड़ी एक यात्री बस में अचानक आग लग गई। बस में सवार यात्री उतरकर ढाबे पर नाश्ता करने के लिए पहुंचे थे और एक यात्री बस में ही सोया हुआ था। इसी दौरान बस धू-धू कर जलने लगी।**



इससे बस में सोया यात्री मामूली रूप से झुलस गया। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई। बस में आग की घटना में सभी यात्री सुरक्षित हैं, लेकिन बस और उसमें रखा सभी यात्रियों का सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया।

जानकारी के अनुसार बस कानपुर से सूरत जा रही थी। शाजापुर से पांच किलोमीटर दूर सनकोटा पेट्रोल पंप के सामने स्थित ढाबे पर रविवार दोपहर 12 बजे यात्री ढाबे पर चाय-नाश्ते के लिए उतरे थे। थोड़ी देर बाद ही बस से आग की लपटें निकलने लगी। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। इसी बीच सूचना मिलते ही आधे घंटे बाद मौके पर दो फायर ब्रिगेड पहुंची, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। सूचना मिलते ही शाजापुर यातायात पुलिस, लालघाटी थाना पुलिस और उज्जैन जिले की तराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची गई थी। फिलहाल तीन फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। बस में सवार यात्री रवि कुशवाह ने बताया होटल पर बस खड़ी हुई। उसमें से यात्री उतरे। पांच मिनट में ही बस में आग लग गई।

तराना थाना प्रभारी टीएस दालोदिया ने बताया कि बस कानपुर से सूरत जा रही थी। वायरिंग फाल्ट होने के कारण ये घटना हुई। बस में 50 से अधिक यात्री सवार थे। घटना में इकबाल नामक व्यक्ति झुलसा है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।